C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 4 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 16 जून 2026

जब अक्षय ने टैक्सी की तरह...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### नीट पुनर्परीक्षा को लेकर टेलीग्राम पर अस्थायी रोक

**नई दिल्ली।** नीट पुनर्परीक्षा को लेकर केंद्र सरकार अलर्ट है और पेपर लीक को रोकने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। इसी के तहत केंद्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। नीट पेपर के चलते यह कदम उठाया गया है। केंद्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का फैसला किया है। नीट 2026 की पुनर्परीक्षा के चलते सरकार ने यह कदम उठाया है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (जी) 2026 की पुनर्परीक्षा से पहले केंद्र सरकार द्वारा मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के फैसले का स्वागत किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने निर्देश जारी कर भारत में टेलीग्राम की सेवाओं पर 22 जून 2026 तक अस्थायी रोक लगाने को कहा है। यह कदम 21 जून को आयोजित होने वाली नीट (जी) 2026 पुनर्परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### दोस्तों संग नहाने गया 12वीं का छात्र नदी में डूबा, मौत

**चमोली।** उत्तराखंड के देवाल में सोमवार को एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। कैल नदी में बने गहरे तालाब में सोमवार को इंटर कॉलेज देवाल के एक छात्र की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। कैल नदी में नहाते समय राजकीय इंटर कॉलेज देवाल के कक्षा 12वीं के छात्र आयुष 17 पुत्र गजेंद्र सिंह की पानी में डूबने से मौत हो गई। आयुष अपने दो दोस्तों के साथ कैल नदी में नहाने के लिए गया था। दोस्तों के द्वारा आयुष के डूबने की सूचना देने पर कैल के नीरज मिश्रा सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने उससे करीब 12 फीट गहरे तालाब से निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाय। जहां डॉक्टरों ने उससे मृतक घोषित कर दिया। बताया गया कि तीनों एक साथ नदी में बने करीब 12 फीट तालाब में गए।

## काला जादू कर वायुसेना अधिकारी की पत्नी से दुष्कर्म-धर्मांतरण, दो आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई** | एजेंसी



महाराष्ट्र के नागपुर में दुष्कर्म और जबरन धर्मांतरण का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक आरोपी ने काला जादू और सम्मोहन कर महिला का जबरन धर्मांतरण किया और फिर उसका कई बार यौन शोषण किया। महाराष्ट्र के नागपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक 24 वर्षीय महिला पर काला जादू और सम्मोहन कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और जबरन धर्मांतरण किया गया। पीड़िता वायुसेना के अधिकारी की पत्नी हैं। महिला का जबरन धर्मांतरण करने और उसका धर्म परिवर्तन करने का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि महिला का शोषण करने वाला एक आरोपी उसके स्कूल में सहपाठी रहा है और इसी जान-पहचान का फायदा उठाकर आरोपी ने महिला से नजदीकी बढ़ाई। सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आया है, उसमें दिख रहा है एक महिला बेबस होकर रोते हुए कह रही है, छोड़ो मुझे छोड़ो। वहीं मुख्य आरोपी 26 वर्षीय अय्याज ताज मदारे उसका हाथ पकड़े हुए है और कुछ पढ़ते हुए बार-बार महिला के ऊपर फूंक मार रहा है। वहीं इस दौरान महिला अपना हाथ छुड़ाने के लिए संघर्ष करती नजर आई। अब महिला ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, जबरन धर्मांतरण करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि आरोपी अय्याज पीड़िता के स्कूल में उसका सहपाठी रहा था। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद अय्याज और उसके साथी अमीन शेख को गिरफ्तार किया है। वहीं तीसरा आरोपी मौलाना हजरत मौलाना फरार है, जो मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा का निवासी है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला का पति वायुसेना में अधिकारी है और वर्तमान में दूसरे शहर में तैनात है। महिला नागपुर में रहकर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करती है। फरवरी 2025 में अय्याज ने कथित तौर पर प्लॉट खरीदने के बहाने से महिला से संपर्क किया और उसे एक होटल में मिलने बुलाया। महिला ने आरोप लगाया कि अय्याज ने उसे जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया, जिससे वह बेहोश हो गई और अय्याज ने उसके साथ दुष्कर्म किया और इसका वीडियो और तस्वीरें रिकॉर्ड कर लीं।

भारत के लिए बड़ी राहत, तेल आपूर्ति सुधरेगी, घटेगी महंगाई

## अमेरिका-ईरान शांति समझौते का दुनियाभर ने किया स्वागत

**नई दिल्ली** | एजेंसी



अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते का दुनिया भर के नेताओं ने स्वागत किया है। ट्रंप की घोषणा के बाद कतर, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, तुर्किये और संयुक्त राष्ट्र समेत कई देशों ने समझौते का स्वागत किया है। समझौते से होर्मुज जलडमरूमध्य के दोबारा खुलने, वैश्विक व्यापार को गति मिलने और ऊर्जा बाजार में राहत की उम्मीद बढ़ी है।

ईरान युद्ध ने वैश्विक एवं भारतीय शेयर बाजारों को लेकर निवेशकों की धारणा बिगाड़ दी। युद्ध के बाद से भारतीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट दर्ज की गई। विदेशी निवेशक लगातार बिकवाल बने रहे। फरवरी को छोड़कर उन्होंने हर महीने बिकवाली की है और जून के पहले पखवाड़े में 62,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। हालांकि, समझौते की घोषणा से सोमवार को भारतीय शेयर बाजार करीब एक फीसदी उछल गए। अमेरिका-ईरान में समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सामान्य होने से भारत जैसे दुनिया के बड़े कच्चे तेल आयातक देश को बड़ी राहत मिल सकती है। इससे न सिर्फ तेल आपूर्ति की चिंताएं कम होंगी, बल्कि मालभाड़ा और बीमा लागत भी घटेगी। आम आदमी से लेकर कंपनियों तक को लगातार बढ़ती महंगाई से भी बड़ी राहत मिलेगी। सऊदी अरब, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एवं कतर इसी मार्ग से कच्चा तेल निर्यात करते हैं। यही देश भारत के प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता भी हैं।

### समझौते पर इस्राइल को ऐतराज, ड्रोन हमले में एक की मौत

अमेरिका समर्थित अमेरिका-ईरान शांति समझौते को लेकर इस्राइल के भीतर विरोध के स्वर उभरने लगे हैं। इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्वीर ने समझौते को खारिज करते हुए कहा कि इस्राइल इस समझौते का पक्षकार नहीं है और वह इसे मानने के लिए बाध्य नहीं है। अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद इस्राइल ने लेबनान में ड्रोन से हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस्राइली ड्रोन ने एक कार को निशाना बनाया, जिसमें उसका ड्राइवर मारा गया। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों और सरकारी मीडिया ने हमले की सूचना दी। यह भी कहा कि युद्धविराम समझौते के बाद लेबनान में यह पहला हमला था।

## कार्यकर्ताओं को दिया संगठन की मजबूती का मंत्र

**हल्द्वानी** | हमारे संवाददाता

विधानसभा चुनाव 2027 से पहले भाजपा तैयारियों में कोई कमी नहीं रखना चाहती है। भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी रेखा अरुण वर्मा अपने संगठनात्मक प्रवास पर हल्द्वानी पहुंची, इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्ण तैयारी कर कुमाऊं संभाग कार्यालय में भव्य स्वागत किया।

प्रदेश सह प्रभारी रेखा अरुण वर्मा काठगोदाम के ढमवाढूँगा शक्तिकेन्द्र में सभी बूथ अध्यक्षों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव के सम्बन्ध में बैठक करी। मोदी के 12 साल पूर्ण करने पर विकसित भारत संकल्प यात्रा की और नगर निगम हल्द्वानी में बैठक करी, तत्पश्चात शहीद पार्क तिकोनिया में शहीदो को पुष्प अर्पित कर सभी लोगो के साथ प्रगति पथ पर यात्रा निकाली। शीशमहल के सामुहिक केन्द्र का निरीक्षण किया।

भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट की अध्यक्षता में प्रदेश सह प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती का मंत्र देकर फिर तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लिया एवं विधानसभा कोर कमेटी के कार्यों पर जिम्मेदारी एवं दिशा निर्देश के माध्यम से प्रत्येक बूथ, शक्तिकेंद्र स्तर पर कार्यकर्ताओं को संगठित कर आगामी चुनाव पर जोर देने का आहवान किया। बैठक में विधानसभा में दर्जा मंत्री दिनेश आर्य, नवीन वर्मा, शंकर कोरंगा, हुकुम सिंह कुंवर, रेनू अधिकारी, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक कौस्तुभानंद जोशी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, विनीत अग्रवाल, पूर्व मेयर जोगेंद्र रौतेला एवं हल्द्वानी एवं काठगोदाम मंडलों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।




## हेमकुंड यात्रा से लौट रहे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में धारदार हथियार चले

**चमोली** | हमारे संवाददाता

**मारपीट**
- कहासुनी को लेकर बढ़ा विवाद, मारपीट के दौरान कई घायल

चमोली जिले के कर्णप्रयाग में मंगलवार सुबह सिख समुदाय के लोगों की स्थानीय लोगों के साथ मारपीट हो गई। हालात इतने बिगड़ गए कि बात मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान सिख समुदाय के लोगों ने स्थानीय लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

हेमकुंड साहिब से लौटते वक्त सिख समुदाय के लोगों की कर्णप्रयाग बाजार में कुछ लोगों के साथ किसी बात पर कहासुनी हो गई। कुछ ही विवाद बढ़ गया। समुदाय के लोगों ने धारदार हथियार से लोगों पर हमला कर दिया। हमले में कई कई लोग चोटिल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल एक होटल स्वामी की गंभीर हालत को देखते हुए एयर लिफ्ट कराया गया। वहीं दूसरी तरफ स्थानीय लोगों ने चौकी परिसर सहित बदरीनाथ हाईवे पर जाम लगा दिया। कुछ लोगों ने पंचपुलिया में भी जाम लगा दिया। क्षेत्र में तनाव का माहौल है। गौचर में यात्रा फिलहाल को रोक दिया गया है। करीब एक घंटे तक हाईवे जाम रखने के बाद लोगों ने थाने में वार्ता की, जिसके बाद जाम खुला को यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व मे 12 वर्षों में हुआ देश मे विकासः रेखा वर्मा

**हल्द्वानी** | हमारे संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम सभागार में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन कार्यक्रम में प्रदेश सह प्रभारी उत्तराखण्ड एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने प्रतिभाग किया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत की युवा शक्ति को अभूतपूर्व अवसर प्राप्त हुए हैं। स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, डिजिटल इंडिया, खेलो इंडिया तथा रोजगार मेलों जैसी पहलों ने करोड़ों युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। आज देश में 2.2 लाख से अधिक स्टार्टअप नवाचार और उद्यमिता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं, जबकि करोड़ों युवा कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं। खेलों, तकनीक, नवाचार और रोजगार के क्षेत्र में युवाओं की बढ़ती भागीदारी भारत को नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। युवा शक्ति के सामर्थ्य को पहचानकर उसे सशक्त बनाने का यह संकल्प ही विकसित भारत के निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, पूर्व महापौर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी, दिनेश आर्य, हुकम सिंह कुंवर, हरीश पांडे, प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक कौस्तुभानंद जोशी, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, रंजन बर्गली, हल्द्वानी मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, काठगोदाम मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट आदि समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नैनीताल में शिल्पकार सभा ने निकाला कैंडल मार्च

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता




शिल्पकार सभा नैनीताल द्वारा टिहरी जिले के लंबगांव में अनुसूचित जाति के 18 वर्षीय युवक केतन लाल की निर्मम हत्या के विरोध में डॉ. अंबेडकर भवन तल्लीताल से डॉ. अंबेडकर मूर्ति तल्लीताल तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस मार्च में शिल्पकार सभा के अनेक सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर दिवंगत केतन लाल को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि केतन लाल को कथित रूप से रात में फ ोन कर बुलाया गया जिसके बाद उसके साथ मारपीट की गई और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। शिल्पकार सभा ने इस घटना को अत्यंत जघन्य एवं निंदनीय अपराध बताते हुए राज्य सरकार और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों को कठोरतम दंड देने की मांग की। शिल्पकार सभा के अध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्रा ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में अनुसूचित जाति समुदाय के विरुद्ध अपराधों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर 18 वर्षीय युवक की निर्मम हत्या की गई है वहीं दूसरी ओर हाल ही में एक अनुसूचित जाति के वाहन चालक को कम किराए पर सवारियां ले जाने के कारण अपमानित करते हुए उसके गले में जूतों की माला डालकर उसका शारीरिक एवं मानसिक उत्पीडन् किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों पर गंभीर आघात हैं।

शिल्पकार सभा के अध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्रा ने चेतावनी दी कि यदि अनुसूचित जाति समाज के विरुद्ध हो रहे अत्याचारों पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो शिल्पकार समाज व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से समाज में समानता, सममान और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। कैंडल मार्च में सभा के पूर्व संरक्षक के. एल, आर्य,अध्यक्ष डा. रमेश चंद्रा, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका नैनीताल संजय कुमार संजू , चंद्रा, राजेंद्र प्रसाद, राजेश लाल ,कैलाश आगरकोटी, संजय कुमार, अनिल कुमार, प्रदीप सहदेव, ,अजय कुमार, सुरेश चंद्र, महेश चंद्र, गोविंद कुमार, राजेश कुमार, विजय कुमार, एड तारा आर्य (महिला अध्यक्ष), इंदर कुमार, नेहा आर्य, मनीषा (महिला महामंत्री),सरिता आगराकोटी, राजेंद्र कुमार ,विक्की कुमार, अनिल कुमार व प्रदीप कुमार आदि रहे।



## पौधरोपण अभियान को 700 दिन पूरे

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 7000वे दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 7000वें दिन की शुरुआत गुरुरानी भवन परिसर डीडीहाट में अपने स्वर्गीय पिता तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में पौधा लगाकर की गई ।दिनेश गुरु रानी ने कहा कि पौधारोपण अभियान की शुरुआत 3 जुलाई 2024 से कुमाऊं मंडल व गढ़वाल मंडल विकास निगम में लंबे समय से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण कीमांग को लेकर राज्य ही नहीं अपितु पूरे देश में अपनी तरह का अनोखा आंदोलन पौधारोपण आंदोलन चलाया। जिसके तहत कर्मचारी अपनी मांगों को मनाने के लिए पौधारोपण करते थे जो अब एक अभियान बन गया है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज हो चुका है। उन्होंने कहा कि उन्होंने 3 जुलाई 2024 से अब तक एक लाख से ज्यादा पौधों का रोपण किया है वहीं लोगों को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ रहे हैं। आज के कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी चंचल सिंह खोलिया, नवीन सिंह खोलिया, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कन्याल, दीप चंद्र जोशी व देवेंद्र उपस्थित रहे।

## विश्व रक्तदाता दिवस: 22 लोगों ने किया रक्तदान

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल के द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय बी डी पांडे जिला चिकित्सालय के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व रक्तदान शिविर शुभारंभ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी द्वारा किया गया जिस के उपरांत न्यायाधीशों और कर्मचारियों/ अधिवक्ताओं/ पुलिस कर्मी द्वारा रक्तदान किया गया जिसमे कुल 22 रक्तदाता द्वारा स्वेच्छक रक्तदान किया गया। कार्यकम में प्रशांत जोश जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल, सुशील तोमर (प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नैनीताल), संजीव कुमार (प्रथम अपर जिला न्यायाधीश नैनीताल), कुलदीप शर्मा द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश नैनीताल, आलोक राम त्रिपाठी सिविल जज (सी0डि) नैनीताल, रवि रंजन अपर मुखय न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल एवं श्रीमती पारुल थपलियाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ सिविल जज सी0डि0 नैनीताल, उर्वशी रावत प्रथम न्यायिक मजिस्टेट, स्नेहा नारंग द्वितीय न्यायिक मजिस्टेट, चँदेश्वरी सिंह शिविल जज के साथ ही चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सोहन तिवारी, बार अध्यक्ष अरुण बिष्ट, रिटेनर अधिवक्ता तारा आर्या, चिकित्सा विभाग से रक्तकोष प्रभारी डा. प्रियांशु श्रीवास्तव, नसिंग ऑफि सर संगीता तथा गणेश पलड़िया मौजूद रहे।



## श्री मां नयना देवी मंदिर में निकली भव्य कलश यात्रा

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

आस्था के केंद्र श्री मां नयना देवी मंदिर नैनीताल में सोमवार से भव्य देवी भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। कथा के प्रथम दिन मंदिर परिसर से एक अत्यंत भव्य और दिव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संखया में श्रद्धालु शामिल हुए। माता के भजनों और जयकारों के साथ पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।

बता दें धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर में उमडने् वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट द्वारा सुरक्षा और सुगमता के विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई असुविधा न हो और मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रित रहे इसके लिए आज से मंदिर का निकास द्वार भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। मंदिर ट्रस्ट ने सभी स्थानीय नागरिकों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और देवी



भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य के भागी बनें। इस आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, सचिव प्रदीप कुमार शाह, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह, कोषाध्यक्ष किशन सिंह नेगी, प्रधान आचार्य बसंत वल्लभ पाण्डेय समेत चंद्रशेखर अधिकारी, भुवन कांडपाल, गणेश बहुगुणा, नवीन चंद्र तिवारी, सुरेश मेलकानी, बसन्त जोशी, बृजमोहन जोशी, राजीव दुबे, अमिता साह, सुमन साह, मंजू रौतेला, मीनू बुधलाकोटी सहित कर्मचारी आचार्य जुटे रहे। कथावाचक चंद्रशेखर अधिकारी रहे तथा मुख्य यजमान मनोज चौधरी सपत्नीक बैठे।

## सीबीडीटी दिल्ली और एसजीपीसी अमृतसर पहुंचे सेमी लीग में

**नैनीताल।** नैनीताल में खेली जा रही 10000वीं अखिल भारतीय ट्रेडर्स कप हॉकी प्रतियोगिता में सोमवार से प्रतियोगिता के प्री-कवार्टर मुकाबले शुरु हो गए। प्रतियोगिता का पहला प्री क्वार्टर मुकाबला सीबीडीटी दिल्ली और यू एसनगर रुद्रपुर के मध्य खेला गया जिसमें 3-0 से दिल्ली ने जीत दर्ज की। माध्यन्तर तक दिल्ली 1-0 से आगे थी 10वें मिनट में दिल्ली की ओर से माचा ने गोल किया जबकि मध्यांतर बाद 35वें मिनट में प्रणाम ने तथा 60वें मिनट मे नाचाप्पा ने गोल कर अपनी टीम को 3-0 से विजय दिलाई सेमी लीग में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का दूसरा प्री क्वार्टर मैच एसजीपीसी अमृतसर और डायमंड हॉकी कलब पूरनपुर के मध्य खेला गया जिसमें 5-1 से अमृतसर ने जीत दर्ज की। माध्यांतर तक अमृतसर 2-0 से आगे थी अमृतसर की ओर से 10वें मिनट मे सुखदेव तथा 19 वें मिनट में जगदीप ने गोल किये माध्यतर बाद 32वें मिनट मे पूरनपुर के हर्षित ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया उसके उपरांत अमृतसर के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 36वें मिनट में करण जबकि 57वें व 59वें मिनट में अर्शदीप ने गोल दागे और मुकाबला 5-1 से जीत कर सेमी लीग मे प्रवेश किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# NEWS / फटाफट

## डीएसए मैदान गेट पर कार खड़ी करने को लेकर हंगामा

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल स्थित डीएसए कार पार्किंग और खेल मैदान के बीच स्थित गेट के सामने वाहन खड़ा करने को लेकर शनिवार को जमकर हंगामा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए जहां काफी देर तक बहस और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। जानकारी के मुताबिक आगरा से नैनीताल घूमने आए एक पर्यटक ने अपनी कार डीएसए कार पार्किंग से खेल मैदान को जाने वाले गेट के ठीक सामने खड़ी कर दी और घूमने निकल गया। करीब एक घंटे बाद जब पर्यटक वापस लौटा तो पार्किंग संचालक ने गेट के सामने वाहन खड़ा करने पर आपत्ति जताई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई जो देखते ही देखते नोकझोक विवाद में बदल गई। मौके पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। कोतवाली में हुए हंगामे के बाद पुलिस ने मौके और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में पर्यटक चालक की गलती सामने आई। इसके बाद चालक ने अपनी गलती स्वीकार कर ली जिसके बाद दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया गया।

## खराब वीडियो गेम को लेकर पर्यटक और दुकानदार में विवाद

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में खराब वीडियो गेम बेचने को लेकर एक पर्यटक और दुकानदार के बीच विवाद हो गया। मामला बढने् पर पर्यटक कोतवाली पहुंच गया और दुकानदार पर अभद्रता तथा गाली-गलौज करने का आरोप लगाया। जानकारी के मुताबिक दिल्ली से रजत कुमार अपनी महिला मित्र व अन्य साथियों के साथ घूमने आया था। उनके साथ की एक महिला की ओर से पंत पार्क में एक फ ड़ कारोबारी से वीडियो गेम खरीदा था। आरोप है कि गेम खराब निकला। जब पर्यटक ने उसको बदलने की बात कहने के लिए दुकान पर पहुंचा तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। पर्यटक का आरोप है कि उसकी महिला मित्र के सामने दुकानदार ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली.गलौज की साथ ही धक्का मारकर पीछे हटा दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर मामले की जांच की। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि जांच में पर्यटक से अभद्रता किए जाने की पुष्टि होने पर मल्लीताल निवासी फड़ कारोबारी हीरा बल्लभ शर्मा के खिलाफ पुलिस एकट के तहत कार्रवाई की गई है।

## कार में लगा जैमर निकालकर फरार हुए पर्यटक

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में सड़क किनारे वाहन खड़ा करने के बाद पुलिस की ओर से लगाए गए जैमर को हटाकर पर्यटकों के फ रार होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन स्वामी की पहचान कर उसके खिलाफ 11 हजार 500 रुपये का चालान किया। पुलिस के मुताबिक रविवार की देर रात वाराणसी निवासी पर्यटक हिमांशु सिंह ने अपनी कार यूपी 65 एफ वी-2419 तल्लीताल क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी कर दी। पुलिस ने वाहन हटाने के लिए कई बार अनाउंसमेंट किया लेकिन चालक मौके पर नहीं पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने वाहन में जैमर लगा दिया। सोमवार सुबह जब पुलिस मौके पर पहुंची तो सड़क किनारे केवल जैमर पड़ा मिला जबकि कार वहां से गायब थी। मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस ने जब वाहन स्वामी से फोन पर संपर्क कर चालान की प्रक्रिया पूरी करने को कहा तो उसने फोन काट दिया। इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए चालान जारी कर दिया। तल्लीताल कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि सड़क किनारे वाहन पार्क करने, पुलिस की ओर से लगाए गए जैमर से छेड़छाड़ करने और कार्रवाई से बचने के लिए मौके से फरार होने के मामले में वाराणसी निवासी हिमांशु सिंह के खिलाफ 11,500 रुपये का चालान किया गया है।

## मुरादाबाद से ट्रिपलिंग कर बाइक से नैनीताल पहुंचा नाबालिग

**नैनीताल** । सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी का एक चौंकाने वाला मामला सोमवार को नैनीताल में तब सामने आया जब मुरादाबाद से एक ही बाइक पर सवार होकर तीन नाबालिग नैनीताल पहुंच गए। हैरानी की बात यह रही कि लंबी दूरी तय करने के बावजूद रास्ते में कहीं भी उन्हें नहीं रोका गया, हालांकि तल्लीताल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइक सीज कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बाइक पर ट्रिपलिंग कर तीन नाबालिग नैनीताल घूमने पहुंचे थे। चौकी के सामने से गुजरते समय पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की। जब बाइक चला रहे किशोर से ड्राइविंग लाइसेंस मांगा तो उसने खुद के नाबालिग होने की बात स्वीकार की। दस्तावेजों में भी वह नाबालिग पाया गया। पूछताछ के दौरान किशोर ने यह भी बताया कि वह मुरादाबाद से बाइक चलाकर आया है और रास्ते में किसी भी पुलिसकर्मी ने उसे नहीं रोका। यह बात सामने आने के बाद यातायात नियमों के पालन और निगरानी व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

## तल्लीताल में सड़क किनारे कार खड़ी करने से लगा जाम

**नैनीताल** । नगर के बिड़ला रोड पर रैमजे अस्पताल के समीप सड़क किनारे एक पर्यटक की ओर से कार खड़ी किए जाने से शनिवार सुबह करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और सुबह का समय होने के चलते लोगों के दैनिक कार्य भी प्रभावित हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पर्यटक ने अपनी डीएल 8 सीएवाई 1479 नंबर की कार सड़क किनारे इस तरह खड़ी कर दी कि वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई। देखते ही देखते सड़क पर वाहनों की कतार लग गई और दोनों ओर यातायात प्रभावित हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारु कराई।

## प्रेशर हॉर्न/ रेट्रो साइलेंसर के साथ बुलेट दौड़ाना पड़ा महंगा

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक युवक को प्रेशर हॉर्न और रेट्रो साइलेंसर लगी बुलेट बाइक पुलिस के सामने दौड़ाना महंगा पड़ गया। यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए तेज गति से बाइक चलाने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया। जानकारी के अनुसारए एक युवक बुलेट बाइक संखया यूपी 26 वाई 3679 पर रेट्रो साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल करते हुए यातायात पुलिस के सामने से तेज रफतार में निकल गया ।पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास कियाए लेकिन वह बाइक लेकर आगे निकल गया। इस दौरान बाइक के पीछे नंबर प्लेट भी नहीं लगी हुई थी जिससे पहचान करने में भी कठिनाई हुई। यातायात पुलिस ने तत्काल वायरलेस के माध्यम से आगे तैनात पुलिसकर्मियों को सूचना दी।

# अभिमत

## पर्यावरण को खतरा

*प्रदूषण के कारण हर साल 70 लाख लोगों की मौत हो जाती है। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन की रिपोर्ट के अनुसार जहरीली हवा के कारण हुई दिल की बीमारी से प्रतिवर्ष 19 लाख लोगों की मृत्यु होती है। वायु प्रदूषण से हृदय के अलावा अन्य बीमारियां भी होती हैं। वायु प्रदूषण के साथ ही ध्वनि प्रदूषण और जल प्रदूषण से अनेक बीमारियां हो रही हैं। पर्यावरण दिवस, जल दिवस, पृथ्वी दिवस आदि मनाने का कोई महत्व नहीं रह गया है।*

पर्यावरण प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए पूरी दुनिया में भयावह होता जा रहा है। प्रदूषण के कारण हर साल 70 लाख लोगों की मौत हो जाती है। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन की रिपोर्ट के अनुसार जहरीली हवा के कारण हुई दिल की बीमारी से प्रतिवर्ष 19 लाख लोगों की मृत्यु होती है। वायु प्रदूषण से हृदय के अलावा अन्य बीमारियां भी होती हैं। वायु प्रदूषण के साथ ही ध्वनि प्रदूषण और जल प्रदूषण से अनेक बीमारियां हो रही हैं। पर्यावरण दिवस, जल दिवस, पृथ्वी दिवस आदि मनाने का कोई महत्व नहीं रह गया है। उत्तराखंड में चार दशक पहले 'चिपको आंदोलन' की गूंज विश्व स्तर पर हुई थी। बच्चों से लेकर वृद्धों ने पेड़ से चिपक कर जंगल नष्ट होने से बचाने का प्रयास किया था। चिपको आंदोलन का असर कुछ वर्षों तक दिखा और पेड़ काटने पर सजा भी हुई, लेकिन आंदोलन शांत होने के बाद उत्तराखंड समेत देश के अनेक हिस्सों में लाखों की संख्या में पेड़ काटे जा चुके हैं और यह सिलसिला जारी है। जलवायु परिवर्तन से दुनिया के अनेक देशों में संकट मंडरा रहा है। जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण पेड़ों का अंधाधुंध कटान और प्रकृति से खिलवाड़ है। विकास की अंधी दौड़ तथा भौतिक सुख-सुविधा के लिए मनुष्य अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए संकट उत्पन्न कर रहा है। प्राकृतिक संसाधनों का दोहन अनियंत्रित तरीके से किया जा रहा है। जीवन के लिए आवश्यक विकास कार्यों को नियोजित तरीके से नहीं किया जा रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से दुनियाभर में करोड़ों लोगों की मृत्यु हो गई। कोरोना के डेल्टा वैरिएंट से प्रभावित रोगियों को ऑक्सीजन की जरूरत थी। अस्पतालों में ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने पर हजारों लोगों की मौत हो गई थी, इसके बाद भी मनुष्य पर्यावरण से खिलवाड़ करना बंद नहीं कर रहे हैं। जंगलों को देश के फेफड़े माना जाता है। जिस तरह पेड़ काटकर जंगल कम किये जा रहे हैं, उसी तरह प्राकृतिक जल स्रोतों को क्षति पहुंचाई जा रही है। तालाबों को कचरे से पाटकर कालोनियां विकसित कर दी हैं। कुएं पहले ही बंद कर दिये हैं। भूगर्भीय जल स्तर निरंतर गिरता जा रहा है। पेड़ों के कटने से सांस लेने के लिए प्राणवायु नहीं मिल रही है। जहरीली हवा से दम घुट रहा है। ग्लोबल वार्मिंग से ग्लेशियर पिघल रहे हैं। हिमालय की चोटियों पर हिमपात में कमी आई है। पेड़ काटने से वन क्षेत्र सिमटता जा रहा है। पर्यावरण को बचाने के नाम पर एयरकंडीशन कमरे में बैठकर नसीहत देने वाली बातें करके मीडिया में चर्चित होने का नाटक किया जा रहा है। उद्योगों से निकलने वाले जहरीले पानी से नदियां अब नाले के रूप में परिवर्तित हो गई हैं। महानगरों से निकलने वाले अपशिष्ट से कृषि भूमि बंजर होती जा रही है। जंगल में पेड़ काटकर अतिक्रमण किया जा रहा है। वन्यजीवों को भी स्वच्छंद विचरण में परेशानी हो रही है।

# विधायक का सीडीओ संग अस्थाई केंद्रीय विद्यालय भवन का दौरा

## कहा-15 दिन में तैयार होगा कार्य पूर्ण, नई दिल्ली को विद्यालय संचालन की अनुमति के लिये भेजा पत्र

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

रुद्रपुर क्षेत्र में स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश केंद्रीय विद्यालय सगठन ने सयुंक्त आयुक्त ( कार्मिक )केंद्रीय विद्यालय,नई दिल्ली को सभी औपचारिकता पूर्ण कर रुद्रपुर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय आरम्भ करने हेतु पत्र भेजा है।

स्वीकृति मिलते ही समाज कल्याण विभाग की अस्थाई बिल्डिंग मे संचालित केंद्रीय विद्यालय शुरू होगा। सोमवार को विधायक शिव अरोरा ने मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी के साथ ब्लॉक रोड स्थित समाज कल्याण की बिल्डिंग का दौरा कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली।विधायक और सीडीओ ने पूरी इमारत का भ्रमण किया। युद्ध स्तर पर कार्य जारी है और कार्य अपने अंतिम चरण में है । सीडीओ ने बताया कि इमारत केंद्रीय विद्यालय के मानको अनुसार विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई जा रही है। प्रतिदिन 40 मेनपावर यहाँ तेज गति से कार्य कर रही है अगले 15 दिन मे यहाँ अस्थाई केंद्रीय विद्यालय



संचालन हेतु बनाई जा रही इमारत का काम पूर्ण हो जाएगी। विद्यालय संचालन संबंधित सभी मानको, सेफ्टी प्वाइंटों व सभी छोटी छोटी बारीकीयों का अध्ययन कर पूर्ण ध्यान रखा गया।

विधायक ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र के लिये हर्ष का विषय है कि उनके प्रस्ताव पर रुद्रपुर क्षेत्र में बच्चों कि बेहतर शिक्षा हेतु एक केंद्रीय विद्यालय का प्रस्ताव मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व सांसद अजय भट्ट को दिया था। कार्य अब मूर्त रूप लेता नजर आ रहा है।विधायक ने कहा कि प्रस्ताव को स्वीकृत करवा कर सांसद अजय भट्ट ने रुद्रपुर हेतु केंद्रीय विद्यालय स्वीकृति करवाई थी। उन्होंने बताया कि दो साल पूर्व ही इसके मानको अनुसार आदित्य नाथ झा कॉलेज में शिक्षा विभाग से 5 एकड़ भूमि केंद्रीय विद्यालय के नाम ट्रांसफर जिला प्रशासन द्वारा करवा दी गई थी। विधायक ने बताया कि मगर केंद्रीय विद्यालय दो मानक है एक केंद्रीय विद्यालय हेतु 5 एकड़ भूमि होनीं चाहिए जो उनके नाम कर दी गई है दूसरा मानक है शुरुआती समय मे केंद्रीय विद्यालय का संचालन अस्थायी बिल्डिंग मे होना चाहिए जिसके लिये समाज कल्याण विभाग कि बिल्डिंग में केंद्रीय विद्यालय के मानको अनुसार तैयार किया जा रहा है जो अगले 15 दिन मे पूर्ण हो जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से सारी औपचारिकता पूर्ण कर लीं गई है जिसपर प्रदेश केंद्रीय विद्यालय संगठन उपायुक्त प्रीति सक्सेना ने सहमति जताते हुऐ सयुंक्त आयुक्त केंद्रीय विद्यालय नई दिल्ली को रुद्रपुर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय संचालन हेतु अनुमति मांगी है। विद्यालय रुद्रपुर में आरम्भ होगा और पूरी कोशिश है इस सत्र में अनुमति मिल जाये। विधायक ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय का होना शिक्षा के क्षेत्र मे मिल का पत्थर सबित होगा, जिससे हमारी यहाँ के बच्चौं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध होंगी। यहां पर जिला विकास प्राधिकरण ईई नवीन नवानी, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव, उमेश पासरीचा,विक्की घई, मनोज मदान, नमन चावला, विक्की वाल्मीकि, मयंक कक्कड़ आदि लोग मौजद

## भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में बेहतर समन्वय बनाने को दोनों देशों के अधिकारियों के बीच मैत्री सम्मेलन

**खटीमा/ बनबसा।** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में बेहतर समन्वय और सीमा संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर दोनों देशों के अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण मैत्री सम्मेलन आयोजित हुआ।

नेपाल स्थित एक होटल में आयोजित इस सम्मेलन में भारत के सीमावर्ती जिलों और नेपाल के जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नो-मैन्स लैंड में अतिक्रमण, क्षतिग्रस्त सीमा पिलरों के पुनर्स्थापन तथा सीमा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और आपसी सहयोग को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में एसएसबी, सर्वे विभाग की टीमों सहित दोनों देशों के प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में संयुक्त सर्वेक्षण कर क्षतिग्रस्त पिलरों की पहचान करने और नो-मैन्स लैंड पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए समन्वित कार्रवाई करने पर सहमति जताई। डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि भारत और नेपाल के अधिकारियों के बीच सीमा संबंधी मुद्दों पर नियमित संवाद और समन्वय आवश्यक है।

# बल्क वेस्ट जनरेटरों को अपने स्तर पर करना होगा कूड़ा निस्तारण

## महापौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिये गये अहम निर्णय

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

स्वच्छ और सुंदर रुद्रपुर के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नगर निगम सभागार में सोमवार को महापौर विकास शर्मा की अध्यक्षता में बल्क वेस्ट जनरेटरों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डेय की उपस्थिति में शहर के प्रमुख होटलों, अस्पतालों, स्कूलों, गेट बंद सोसायटियों, पीजी संचालकों सहित विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के क्रम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों की जिम्मेदारियों, कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण और चार बिन सेग्रीगेशन व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि प्रतिदिन 100 किलो या उससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वाले, प्रतिदिन 40 हजार लीटर पानी का उपयोग करने वाले अथवा 20 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले संस्थान बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आते हैं। ऐसे



संस्थानों को नियमों के तहत अपने परिसर में ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था करनी होगी। संस्थानों को गीले कूड़े के निस्तारण के लिए कंपोस्टिंग मशीन अथवा कंपोस्ट पिट के माध्यम से खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

साथ ही चार अलग-अलग डस्टबिन के माध्यम से कूड़े को स्रोत पर ही अलग-अलग करने की व्यवस्था अपनाने पर जोर दिया गया। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाना केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक और संस्थान की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में नगर निगम रुद्रपुर स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। शहर में बड़ी मात्रा में कूड़ा उत्पन्न करने वाले संस्थानों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। यदि होटल, अस्पताल, स्कूल, सोसायटी और अन्य बड़े संस्थान अपने स्तर पर कचरे का सही प्रबंधन करें तो शहर की स्वच्छता व्यवस्था में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन की प्रोजेक्ट हेड राजू नबियाल ने मौजूद संस्थानों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के पोर्टल swm.cpcb.gov.in/register पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने की जानकारी दी गई। उन्होंने कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया और नियमों के अनुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा कीं। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि रुद्रपुर नगर निगम क्षेत्र में अब तक 234 बल्क वेस्ट जनरेटरों को चिन्हित किया जा चुका है। शेष संस्थानों के सर्वे एवं चिन्हीकरण के लिए नगर निगम द्वारा चार टीमों का गठन किया गया है, जो क्षेत्र में सर्वे कार्य करेंगी।

# फिल्मी दुनिया

## जब अक्षय ने टैक्सी की तरह इस्तेमाल किया हेलीकॉप्टर



*क्षय कुमार इंडस्ट्री के टॉप सितारों में शामिल हैं। वे अपने अभिनय के अलावा फिटनेस और अनुशासन को लेकर भी जाने जाते हैं। हाल ही में फराह खान ने भी उनकी इस बात की तारीफ करी। साथ ही फराह खान ने अक्षय कुमार की रईसी को लेकर भी एक दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी फिल्म तीस मार खान की शूटिंग के वक्त हेलीकॉप्टर से घर जाया करते थे। इस बात पर अक्षय कुमार ने सहमति जताई। फराह खान ने हाल ही में नेटफ्लिक्स के लिए अक्षय कुमार, राजपाल यादव और प्रियदर्शन के साथ मिलकर एक चैट शो किया। इसी दौरान कुछ दिलचस्प बातें शेयर करते हुए अक्षय कुमार से जुड़ी यह बात भी कही। चर्चा के दौरान फराह ने बताया कि तीस मार खान के लिए मालशेज में शूटिंग चल रही थी। उन्होंने बताया, हम सभी वहीं ठहरते थे, क्योंकि वह मुंबई से ढाई घंटे दूर था। मगर, अक्षय कुमार रोज घर जाते थे। इसके बावजूद वे सेट पर समय से पहुंचते थे। इसके बाद फराह खान ने अक्षय कुमार की तरफ देखते हुए कहा कि बताओ अक्षय कैसे? इस पर अक्षय ने कहा, हेलीकॉप्टर से। इस पर फराह ने कहा, पहली बार मैंने ऐसा एक्टर देखा, जो हेलीकॉप्टर को टैक्सी की तरह इस्तेमाल कर रहा था। हालांकि, कोरियोग्राफर ने आगे तारीफ करते हुए यह भी कहा कि अक्षय हमेशा समय पर पहुंचते थे। 8 बजे के कॉल टाइम पर अक्षय पौने आठ बजे वहां पहुंच जाते थे।*

### मेरे पैसे खा गया

*वहीं, अक्षय कुमार ने अपने हेलीकॉप्टर से कम्यूट करने के अपने महंगे शौक को लेकर कहा, किसी को क्या दिक्कत है? प्रोड्यूसर मैं खुद था। इस पर फराह खान ने कहा, मैं भी थी। फिर मजाकिया अंदाज में बोलीं, मेरे पैसे खा गया। अक्षय कुमार ने मुस्कुराते हुए कहा, मैं पैसे खा गया... ? सबसे ज्यादा पैसे तूने उसी फिल्म से कमाए हैं।*

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग शिविर का हुआ आयोजन

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसट्ठ के उपलक्ष्य में मंगलवार को ओमेक्स रुद्रपुर के सेंट्रल पार्क में एक विशेष योग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम वृद्धावस्था के लिए योग - योग फॉर हेल्दी एजिंग पर आधारित रही, जिसमें स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथियों ने भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।?यह कार्यक्रम जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,डॉ. निवेदिता जोशी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीएसपी रमेश चंद जोशी, विशिष्ट अतिथि राजकुमार अनेजा,स्वामी शंकर, अमन अनेजा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन राहुल पुरोहित ने जिला नोडल अधिकारी योग किया।

मंच से सभी वृद्धजनों को आगामी 19 जून को आयोजित होने वाली रन फॉर योग दौड़ तथा 21 जून को मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया। योग शिविर को सफल और सुव्यवस्थित बनाने में ललिता जोशी, योग गुरु संस्थापक, दुर्गा देवी फिटनेस सेंटर, रुद्रपुर द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान किया।



# कैंची धाम स्थापना दिवस को लेकर व्यापारियों व अफसरों के अलग-अलग तर्क

## व्यापारियों ने कहा सख्त ट्रैफिक प्लान से कारोबार प्रभावित, अधिकारी बोले-व्यवस्थाएं बनाने के लिए किये हर संभव प्रयास

नैनीताल

अफजल फौजी

विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम के स्थापना दिवस पर हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा, भारी भीड़, सखत ट्रैफिक व्यवस्था के कारण बड़ी संखया में श्रद्धालु मंदिर परिसर तक नहीं पहुंच सके।

पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया था, श्रद्धालुओं को शटल के माध्यम से कैंची धाम पहुंचा जा रहा था वहीं कैंची धाम के होटल खाली रहें, व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस की पैनिक पोस्ट व डाईवर्जन की वजह से श्रद्धालु कैंची धाम नहीं पहुंच पाएं।



*पूर्व प्रधान ग्राम मल्ला निगलाट पंकज निगलाटिया ने बताया बीते वर्षों की भांति इस वर्ष कैंची धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ कम हो गई है कहा कि पुलिस द्वारा इस बार ट्रैफि क प्लान सखत बनाया गया है जिसकी वजह से लोकल भी दर्शन करने के लिए नहीं पहुंच रहें वही मंदिर परिसर में व्यवस्था काफ ी अच्छी बनाई गई है, पुलिस द्वारा 13 जून से ट्रैफिक बंद कर दिया गया है जो उचित नहीं है।*



*होटल एसोसिएशन के सचिव हितेश साह ने बताया कि मंदिर प्रशासन द्वारा व्यवस्था पूर्ण की हुई है बताया कि पुलिस द्वारा 13 से लेकर 16 जून तक जीरो ज़ॉन घोषित कर दिया गया जिसकी वजह से कोई गाड़ी आ रही है और नहीं जा पा रही है जिसकी वजह से कई होटल बुकिंग कैंसिल हो गई है, 100 फीसदी बुकिंग रद्द हो चुकी है होटल खाली पड़े हुए है लोगों में भय का माहौल बना दिया गया है।*



*कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बताया कैंची धाम में हर वर्ष पर्यटक बढ़ता जा रहा है देश विदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं, स्थापना दिवस के एक दिन पहले से ही ट्रैफि क प्लान लागू किया जाता है, आज के दिन केवल शटल ही अंदर प्रवेश करती है, कैंची धाम बहुत बडी पार्किंग बन रही है जिसमें लगभग 500 से ऊप्पर गाड़िया पार्क होगी।*



*आईजी कुमाऊं निवेदिता कुकरेती ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर मेला जॉन और सेकटर में बांटा गया है जिसमें 4 सुपर ज़ॉन बनाए गए हैं, श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए दिक्कत ना हो इसके लिए विशेष शटल सेवा की गई है, सुबह से भक्तों का ताता लगा हुआ है, भक्तों द्वारा फ ीडबैक लिया गया है जो काफ ी संतोषजनक रहा। शटल के लिए किराया निर्धारित किया गया है।*



*पुलिस कप्तान डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया है, सोमवार की सुबह 3 बजे से भक्तों ने लंबी कतार लगाना शुरू कर दिया था, 60 हजार से अधिक भक्तों ने दर्शन कर लिए हैं, श्रद्धालु जल्दी ही कैंची धाम पहुंचकर वापस लौट रहें हैं, शटल के माध्यम से हल्द्वानी, बरेली, रुद्रपुर तथा पिलीभीत समेत अन्य स्थानों से लोग 2 घंटे में कैंची धाम पहुंच रहें हैं।*



*व्यापार मंडल सचिव विक्रम तिवारी ने बताया स्थापना दिवस में जितनी भीड़ होनी चाहिए थी इस वर्ष नहीं हुई है, पुलिस की सखती की वजह से पर्यटक नहीं पहुंचे, कहा कि उममीद 2 से 3 लाख श्रद्धालुओं की थी तेल ट्रैफि क प्लान की वजह से आम जन जीवन काफ ी प्रभावित हो रहा है।*



*कैंचीधाम ट्रस्ट के प्रबंधक प्रदीप साह (भय्यू दा) ने बताया हर साल श्रद्धालु कैंची धाम दर्शन के लिए आते हैं और शाम तक काफ ी भीड़ उमड जाती है, हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं और प्रसाद लेकर जाते हैं, मालपुवा का प्रसाद ही भक्तों को दिया जाता है।*



*जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया पुलिस प्रशासन द्वारा पुखता इंतजाम किए गए हैं, शटल सेवा के माध्यम से कैंची धाम पहुंचा जा रहा है साथ ही केमू व रोडवेज की बसें लगाई गई हैं00 500 से अधिक बड़े वाहन व 350 छोटे वाहन शटल में लगाई गई है, अभी तक 60 से 65 हजार से अधिक श्रद्धालु ने दर्शन कर लिए हैं।*

# सड़क हादसे में शिक्षा विभाग कर्मी की मौत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के व्यस्त नैनीताल रोड स्थित एमबीपीजी कॉलेज के समीप सोमवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान हो गई है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त सुभाष नगर निवासी 57 वर्षीय उपेंद्र नेगी के रूप में हुई है। वह शिक्षा विभाग में धौड़ाखेड़ा स्थित अनुसंधान केंद्र में तैनात थे और ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान एमबीपीजी कॉलेज के समीप सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगते ही उपेंद्र नेगी सड़क पर गिर पड़े और वाहन का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया। गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच के दौरान मृतक के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिलने के कारण उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। बाद में पुलिस की जांच और परिजनों से संपर्क के बाद उनकी पहचान उपेंद्र नेगी के रूप में हुई।



हादसे के चलते नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से जल्द ही सुचारु करा दिया गया। पुलिस ने हादसे में शामिल बोलेरो वाहन को कब्जे में ले लिया है तथा चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दुखद घटना से मृतक के परिवार, परिचितों और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में शोक की लहर है।

**हादसा**

- देर शाम एमबीपीजी कॉलेज के पास हुई थी घटना
- पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

# लेक ब्रिज चुंगी पर हंगामा, टोल शुल्क को लेकर भिड़े पर्यटक और कर्मी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में सोमवार की दोपहर लेकब्रिज चुंगी पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब टोल शुल्क को लेकर पर्यटकों और पालिका कर्मियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया। घटना के दौरान एक युवक पर तमंचा निकालने का आरोप लगने से मौके पर सनसनी फैल गई। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली नंबर की कार में सवार कुछ पर्यटक दोपहर करीब 12 बजे लेकब्रिज चुंगी पहुंचे। टोल कर्मियों ने उनसे निर्धारित शुल्क जमा करने को कहा। इस पर कार सवारों ने खुद को किसी सरकारी कार्य से नैनीताल आने की बात कही और टोल में छूट की मांग की। हालांकि टोल कर्मियों ने नियमों का हवाला देते हुए शुल्क जमा कराने पर जोर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इसी दौरान कार आगे बढने लगी तो एक टोल कर्मी ने वाहन रोकने के लिए बोनट पर हाथ मार दिया। बस यहीं से विवाद भड़क उठा। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई जो हाथापाई में बदल गई। चुंगी परिसर में हंगामा मच गया और वहां मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई।

मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब टोल कर्मियों ने आरोप लगाया कि विवाद के दौरान एक युवक ने तमंचा निकालकर की बात कहकर धमकाने की कोशिश की। हालांकि इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। घटना को लेकर कुछ समय तक क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहा।एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद आपसी समझौता हो गया है। फिलहाल किसी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

# लोकतंत्र व संविधान पर हमलों के खिलाफ संघर्ष का मोर्चा होगा विधानसभा चुनाव : भाकपा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भाकपा (माले) उत्तराखंड राज्य कमेटी की बैठक बिंदुखत्ता स्थित दीपक बोस भवन में संपन्न हुई। बैठक में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कथित हमलों और आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के बाद जारी बयान में भाकपा (माले) ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। पार्टी नेताओं ने कहा कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के नाम पर नागरिकों से अपनी नागरिकता सिद्ध करने की मांग की जा रही है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार और पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया के जरिए गरीबों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को मताधिकार एवं नागरिकता से वंचित करने की साजिश रची जा रही है।

भाकपा (माले) नेताओं ने कहा कि उत्तराखंड में भी एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है, ऐसे में जनता को सतर्क रहने की आवश्यकता है ताकि लोकतांत्रिक अधिकारों पर किसी प्रकार का आंच न आए। यहां भाकपा (माले) के पोलित ब्यूरो सदस्य संजय शर्मा, राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, के.के. बोरा, बहादुर सिंह जंगी, आनंद सिंह नेगी, गिरिजा पाठक, डॉ. कैलाश पांडेय, एडवोकेट कैलाश जोशी, विमला रौथाण, अतुल सती, एडवोकेट अमनदीप कौर, जोगेंद्र लाल और ललित मटियाली सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता रहे।




## जंगल की आग के सड़क की तरफ बढ़ने से मची अफरातफरी

अल्मोड़ा। बारिश के थमते ही अल्मोड़ा में जंगलों के धधकते का सिलसिला फिर शुरू हो गया है। अब पाताल देवी मंदिर से समीप रेलाकोट सड़क के जंगल में अचानक आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। आग की लपटों के सड़क की बढ़ने से वहां अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू किया। सोमवार को फायर स्टेशन अल्मोड़ा को दोपहर 12:20 बजे सूचना मिली कि पाताल देवी मंदिर से कुछ दूरी पर रेलाकोट सड़क के समीप जंगल में आग लग गई है।

# राज्यपाल आज भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान मुक्तेश्वर में

धारी

हमारे संवाददाता

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान मुक्तेश्वर में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह मंगलवार (आज) खेत बचाओ अभियान एवं वैज्ञानिक सममान समारोह का शुभारंभ करेंगे।

यह कार्यक्रम संस्थान के सभागार में आयोजित किया जायेगा।कार्यक्रम की शुरुआत राज्यपाल के आगमन के साथ होगी। इसके बाद राष्ट्रीय पशुचिकित्सा धरोहर पुस्तकालय, पशुचिकित्सा धरोहर संग्रहालय, विभिन्न प्रयोगशालाओं जिनमें बकरी प्लेग चेचक रोग तथा नीलसर्ना प्रयोगशाला के अतिरिक्त शीत कक्ष रूम का निरीक्षण कराया जाएगा। सभागार में पहुंचने पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरतम एवं राष्ट्रगान प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के उप महानिदेशक पशु विज्ञान तथा आईवीआरआई के निदेशक डॉ राघवेंद्र भट्टा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पशु विज्ञान विभाग इतिहास के बारे में बताएंगे। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक शोध डॉ. एस.के. सिंह स्वागत संबोधन करेंगे एवं संस्थान की गतिविधियों के बारे में जानकारी देंगे जानकारी देंगे।समारोह में खेत बचाओ अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा साथ ही किसानों को पशुपालन सामग्री का वितरण तथा वैज्ञानिकों का राज्यपाल द्वारा सममान भी किया जाएगा। इसके बाद माननीय राज्यपाल का संबोधन हो गाए जो कार्यक्रम का मुखय आकर्षण माना जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर माननीय राज्यपाल तथा अन्य अतिथि गण द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जायेगा। आईवीआरआई मक्तेश्वर में आयोजित यह समारोह कृषि, पशुपालन और वैज्ञानिक समुदाय के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संस्थान प्रशासन ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# सरियाताल में अनियंत्रित होकर गिरी सैंट्रो कार, दो लोग थे सवार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीप सरियाताल में बीती रात एक सेंट्रो कार गाड़ी नंबर यूपी 21सीसी5213 अनियंत्रित होकर झील में गिर गई। इस घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई।

बीते रात करीब साढ़े छः बजे मुरादाबाद से आए दो पर्यटक अपनी सेंट्रो कर से कालाढूंगी मार्ग के रास्ते वापस लौट रहे थे। तभी सरियाताल के पास उनकी कर अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 200 मीटर नीचे ताल में जा गिरी। और झील के किनारे दलदल में रुक गई। गनीमत रही की कोई भी जनहानि नहीं हुई और कार सवार दोनों लोग सही सलामत हैं। कार में मुरादाबाद निवासी आलम और उमेद सवार थे। आलम ने बताया कि वह नैनीताल घूमने आए हुए थे और वापसी के दौरान उनके कार मोड़ के पास ब्रेक नहीं लगने अनियंत्रित होकर झील में जा गिरी। उन्होंने कार से निकलकर अपनी जान बचाई। कार को निकालने के लिए उन्होंने हल्द्वानी से क्रेन बुलाई है। सरिताताल एक पिकनिक स्पॉट भी है। झील में नौकायन के साथ ही अन्य एडवेंचर एक्टिविटी भी कराई जाती हैं। गनीमत रही कि उस दौरान कोई भी वहां पर नहीं था अन्यथा किसी भी तरह की दुर्घटना हो सकती थी।



विजुअल-आईएएनएस

**हादसा**

- कार को निकालने के लिए उन्होंने हल्द्वानी से क्रेन बुलाई है